**मध्यप्रदेश शासन**
**पर्यटन विभाग**
**मंत्रालय**

भोपाल, दिनांक 12/05/2016

क्रमांक एफ 10-16/2016/33 : राज्य शासन एतद् द्वारा पर्यटन विभाग द्वारा पर्यटकों की सुविधा के लिये मार्ग सुविधा केन्द्रों (Way Side Amenities) की स्थापना एवं संचालन की नीति - 2016 जारी करता है।

संलग्न - नीति

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार

(हरिरंजन राव)
सचिव
म0प्र0 शासन पर्यटन विभाग

पृ.क्र. एफ 10-16/2016/33 भोपाल, दिनांक 12/05/2016

प्रतिलिपि :

1. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, मध्यप्रदेश के समस्त विभाग।
2. अध्यक्ष, राजस्व मण्डल, ग्वालियर।
3. प्रमुख सचिव, माननीय मुख्यमंत्री जी, मध्यप्रदेश शासन, मंत्रालय, भोपाल।
4. सचिव, महामहिम राज्यपाल, राजभवन, मध्यप्रदेश, भोपाल।
5. माननीय मंत्री/राज्यमंत्री के निज सचिव/निज सहायक, मध्यप्रदेश, भोपाल।
6. सचिव(समन्वय), मुख्य सचिव कार्यालय, मध्यप्रदेश शासन, मंत्रालय, भोपाल।
7. अध्यक्ष, मध्यप्रदेश व्यावसायिक परीक्षा मण्डल/अध्यक्ष, माध्यमिक शिक्षा मण्डल, भोपाल।
8. महानिदेशक, प्रशासन अकादमी, मध्यप्रदेश, भोपाल।
9. प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश विधानसभा सचिवालय, भोपाल।
10. सचिव, लोकायुक्त, मध्यप्रदेश, भोपाल।
11. सचिव, मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इन्दौर।

निरंतर पष्ठ.....2

12. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी/सचिव राज्य निर्वाचन आयोग, मध्यप्रदेश, भोपाल।
13. महालेखाकार, मध्यप्रदेश, ग्वालियर/भोपाल।
14. प्रमुख सचिव/सचिव/उप सचिव, मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग।
15. आयुक्त, जनसंपर्क, मध्यप्रदेश, भोपाल।
16. समस्त आयुक्त/कलेक्टर्स, मध्यप्रदेश।
17. प्रबंध संचालक, म.प्र. राज्य पर्यटन विकास निगम, भोपाल।
18. अवर सचिव, मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, अधीक्षण/अभिलेख /पुस्तकालय।
19. अध्क्षत, शासन के समस्त मान्यता प्राप्त कर्मचारी संघ, मध्यप्रदेश।

Bhutz
अवर सचिव
म0प्र0 शासन पर्यटन विभाग

# मार्ग सुविधा केन्द्रों (Way Side Amenities) की स्थापना एवं संचालन की नीति-2016

MIDWAY TREAT

## मिडवे ट्रीट
मार्ग सुविधा केन्द्र



**मध्यप्रदेश शासन**

मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम


HIGHWAY TREAT DODI

The heart of
Incredible India

# मार्ग सुविधा केन्द्रों (Way Side Amenities) की स्थापना एवं संचालन की नीति-2016

MIDWAY TREAT

## मिडवे ट्रीट

मार्ग सुविधा केन्द्र


Tourist Info




# अनुक्रमणिका


मार्ग सुविधा केन्द्रों की स्थापना एवं संचालन की नीति 2016 — ***01***

***The Policy For Establishment & Management of Way Side Amenities-2016*** — ***09***

***Lease Agreement (Brown Field Model) Way Side Amenities given for operation on lease to private investor*** — ***19***

मिडवे ट्रीट संचालन निर्देशिका — ***31***



The heart of
Incredible !ndia

# मार्ग सुविधा केन्द्रों

## की स्थापना एवं संचालन की नीति 2016

# परिशिष्ट-1

## मार्ग सुविधा केन्द्रों *(WAY SIDE AMENITIES)* की स्थापना एवं संचालन की नीति 2016

**मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन नीति में प्रदेश में संतुलित एवं समेकित पर्यटन की ऐसी अभिवृद्धि करना लक्षित है, जिससे सामाजिक एवं आर्थिक विकास संभव हो तथा मध्यप्रदेश समग्र पर्यटन अनुभव प्रदान करने वाला गन्तव्य बनें। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये निजी निवेश को प्रोत्साहित किया जाना पर्यटन नीति की एक प्रमुख रणनीति है।**

**1. मार्ग सुविधा केन्द्रों की आवश्यकता**

मध्यप्रदेश एक स्थलरूद्ध (Land Locked) प्रदेश है जिसकी सीमायें महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, उत्तरप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ राज्यों से लगी हुई हैं। देश में पूर्व से पश्चिम एवं उत्तर से दक्षिण की ओर जाने वाले प्रमुख राजमार्ग प्रदेश की भौगोलिक स्थिति के कारण यहाँ से गुजरते हैं, अतः आंतरिक एवं अंतर्राज्यीय परिवहन मुख्यतः सड़क मार्गों से होता है। मध्यप्रदेश के अंदर भी वृहद क्षेत्रफल होने से आवागमन में सड़क मार्ग से लम्बी दूरियां तय करना होती हैं। प्रदेश में राजमार्गों एवं ग्रामीण सड़कों का व्यापक नेटवर्क विद्यमान है जिस पर बड़ी संख्या में यात्री, व्यवसायी एवं पर्यटन निरंतर आवागमन करते हैं। पर्यटन की दृष्टि से विकसित देशों में पर्यटक सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए राजमार्गों पर ''मार्ग सुविधा केन्द्रों (Way Side Amenities)'' का जाल बिछाया गया है, जिसमें स्वच्छ शौचालय, खान पान, मूलभूत उपयोग की सामग्री, पेट्रोल पंप आदि की उपलब्धता सुनिश्चित की जाती है। वर्तमान में मध्यप्रदेश में सड़क मार्गों पर पर्याप्त व्यवस्थित एवं स्तरीय यात्री सुविधा अधोसंरचना उपलब्ध नहीं हैं, इसको दृष्टिगत रखते हुए आवश्यक है कि योजनाबद्ध रूप से स्तरीय मार्ग सुविधा केन्द्रों की स्थापना सुनियोजित रूप से नीति बनाकर की जाये ताकि यात्रियों को आवश्यक सुविधायें सुगमता से प्रत्येक 40 से 50 किलोमीटर की यात्रा पर उपलब्ध हो जाये। पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा भी समय-समय पर मार्ग सुविधा केन्द्रों (Way Side Amenities) की स्थापना हेतु विभिन्न योजनाओं में प्रावधान किये गये हैं एवं राज्यों को आर्थिक सहायता भी उपलब्ध करायी गयी है।

प्रदेश में स्थित पर्यटन केन्द्रों एवं टूरिस्ट सर्किट को जोड़ने वाले मार्गों पर यात्री सुविधाओं यथा स्वच्छ खान-पान, शौचालय, विश्राम, टेलिफोन एवं इंटरनेट, सुविधा स्टोर्स, प्राथमिक चिकित्सा, पार्किंग आदि की स्थापना से पर्यटन में वृद्धि होगी एवं स्थानीय लोगों को रोज़गार के अवसर प्राप्त होंगे।



**2.** **रणनीति**

2.1 मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम द्वारा पूरे प्रदेश में रोड नेटवर्क एवं यात्री सुविधाओं की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुये मार्ग सुविधा केन्द्रों की स्थापना के लिये स्थल चिन्हित किये जायेंगे एवं मास्टर प्लान बनाया जायेगा।

2.2 तैयार मास्टर प्लान का विभिन्न हितबद्ध पक्षकारों (Stake Holders) के मध्य प्रचार–प्रसार किया जायेगा ताकि निवेश का वातावरण तैयार हो। इन मार्ग सुविधा केन्द्रों की ब्राडिंग मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा निर्धारित ''लोगो'' एवं डिजाइन अनुसार की जायेगी।

2.3 मार्ग सुविधा केन्द्रों की स्थापना हेतु निम्नलिखित तीन मॉडल उपलब्ध होंगे :–

(i) **ब्राउन फील्ड मॉडल –**

भारत सरकार एवं राज्य सरकार से विभिन्न योजनांतर्गत प्राप्त निधि से मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम द्वारा मार्ग सुविधा केन्द्रों का निर्माण एवं निजी क्षेत्र द्वारा लीज पर लेकर संचालन।

(ii) **ग्रीन फील्ड मॉडल –**

पर्यटन विभाग के पास उपलब्ध शासकीय भूमि पर निजी निवेशक द्वारा मार्ग सुविधा केन्द्र की स्थापना एवं संचालन।

(iii) **फ्रेंचाइजी मॉडल –**

मास्टर प्लान में चिन्हित स्थलों के पास सामान्यतः दस किलोमीटर की परिधि में निजी निवेशक द्वारा निजी भूमि पर मार्ग सुविधा केन्द्र की स्थापना अथवा उन्नयन एवं संचालन।

**3.** **विभिन्न मॉडलों में मार्ग सुविधा केन्द्रों की स्थापना एवं संचालन के संबंध में दिशा– निर्देश**

**3.1** **ब्राउन फील्ड मॉडल –**

3.1.1 पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी गाइड लाइन्स के अनुसार निर्धारित डिजाइन एवं नियत सुविधाओं से पूर्ण मार्ग सुविधा केन्द्र की स्थापना चिन्हित स्थल पर मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम द्वारा की जायेगी।

3.1.2 इस हेतु पर्यटन विभाग को भूमि राज्य शासन द्वारा उपलब्ध करायी जायेगी।

3.1.3 मार्ग सुविधा केन्द्र में कार/टूरिस्ट कोच/बस पार्किंग, फूड प्लाजा/रेस्टोरेंट, पुरूष एवं महिला टॉयलेट एवं वॉशरूम, चेंजिंग रूम, फर्स्ट–एड एवं 24X7 जल एवं विद्युत सुविधा निर्मित किया जाना अनिवार्य होगा।

3.1.4 निर्मित मार्ग सुविधा केन्द्र पारदर्शी निविदा प्रक्रिया के माध्यम से निजी क्षेत्र को आवंटित की जाएगी।

3.1.5 निर्मित मार्ग सुविधाएँ अधिकतम 2 हेक्टेयर आनुषांगिक (appurtenant) भूमि सहित 30 वर्ष की अवधि के लिये लीज पर दी जाएगी। उपरोक्त अवधि के बाद भवन एवं भूमि का निराकरण तत्समय प्रचलित नीति/नियम अनुसार किया जायेगा।

3.1.6 निविदा हेतु न्यूनतम आरक्षित मूल्य (अप–सेट प्राइज) रूपये दस लाख रखा जायेगा। निविदा में प्राप्त अधिकतम मूल्य भूमि का प्रीमियम होगा तथा इस प्रीमियम राशि का एक प्रतिशत प्रतिवर्ष लीज रेंट के रूप में देय होगा।

3.1.7 निविदा आमंत्रण सूचना एक राष्ट्रीय तथा दो प्रादेशिक समाचार पत्रों में तथा निगम की वेबसाइट पर प्रकाशित की जायेगी।

3.1.8 निगम द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि किसी भी मार्ग सुविधा के लिये निविदा आमंत्रित किये जाने से पूर्व इकाई एवं आनुषांगिक भूमि का विधिवत सीमांकन करवाया जाये एवं बाउंड्री का निर्धारण कर लिया जाये तथा इकाई तक विद्युत एवं जल प्रदाय तथा पार्किंग एवं आंतरिक मार्ग की सुविधा उपलब्ध हो तथा कार्य योजनानुसार पूर्ण कर लिया गया हो।

3.1.9 पार्किंग एवं यात्रियों के लिये आवागमन हेतु आवश्यक भूमि छोड़कर अतिरिक्त भूमि उपलब्ध होने पर निविदाकर्ता को निम्नानुसार गतिविधियों हेतु अधोसंरचना विकसित किये जाने की पात्रता रहेगी :-

A. **केवल सूचना देकर निमार्ण योग्य अधोसंरचनाएँ** :-

(I) चिल्ड्रन प्ले एरिया

(II) टेलिफोन/इंटरनेट कियोस्क

(III) सोवेनियर/हेंडिक्राफ्ट शॉप

(IV) बेबी/हेंडीकेप केयर रूम/सुविधाएँ

(V) फास्ट फूड आउटलेट/आइस्क्रीम पार्लर

(VI) मिनी जनरल स्टोर

(VII) वाहन मरम्मत केन्द्र/कार वॉशिंग सुविधा

(VIII) ट्रेवल डेस्क

(IX) फ्लॉवर शॉप/बुक्स-न्यूजपेपर आउटलेट

(X) लाइव आर्ट/हेंडिक्राफ्ट डिस्प्ले

(XI) अन्य आनुषांगिक गतिविधियाँ जो प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम द्वारा निर्धारित की जाएँ।

B. **पूर्व अनुमति प्राप्त कर निर्माण योग्य अधोसंरचनाएँ** :-

(I) पेट्रोल पंप

(II) मैरिज गार्डन

(III) आवासीय कक्ष

(IV) बैंक ए.टी.एम.

(V) अन्य आनुषांगिक अधोसंरचनाएँ जो प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम द्वारा निर्धारित की जायें।

3.1.10 उपरोक्त कंडिका 3.1.9(B) अंतर्गत संचालित की जाने वाली गतिविधियों हेतु पूर्वानुमति एवं निर्माण योजना का अनुमोदन प्रबंध संचालक से प्राप्त करना आवश्यक होगा।

3.1.11 ऐसी निर्मित अतिरिक्त अधोसंरचना, संचालन हेतु किसी अन्य व्यक्ति/इकाई को देने की स्थिति में संचालन हेतु दी गई अवधि मूल लीज अवधि नहीं होगी तथा लीज अवधि समाप्त होने पर संचालन हेतु दी गई अवधि स्वत: समाप्त मानी जायेगी।

3.1.12 लीज समाप्त होने के उपरांत निर्मित सभी अधोसंरचनायें स्वमेव पर्यटन विभाग के स्वामित्व में मानी जायेगी एवं इसके लिये संचालक को कोई क्षतिपूर्ति राशि देय नहीं होगी।

3.1.13 मार्ग सुविधा केन्द्र में तंबाकू युक्त पदार्थो यथा सभी पान मसालों, गुटखों, पान, सिगरेट, बीड़ी, पटाखे आदि विस्फोटक पदार्थ की बिक्री पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगी।

**3.2 ग्रीन फील्ड मॉडल**

3.2.1 मास्टर प्लान के अंतर्गत चिन्हित स्थलों पर मार्ग सुविधा केन्द्र हेतु शासन से पर्यटन विभाग को भूमि हस्तांतरित की जायेगी तथा इसे 30 वर्ष की लीज पर निजी निवेशकों को पारदर्शी निविदा प्रक्रिया के माध्यम से उपलब्ध करायी जायेगी।

3.2.2 मार्ग सुविधा केन्द्र निर्माण हेतु अधिकतम 2 हेक्टेयर भूमि निर्धारित होगी, जिसका न्यूनतम आरक्षित मूल्य रुपये पाँच लाख होगा।

3.2.3 निविदा में प्राप्त अधिकतम मूल्य भूमि का प्रीमियम होगा तथा इस प्रीमियम राशि का एक प्रतिशत प्रति वर्ष लीज रेंट के रुप में देय होगा।

3.2.4 निविदा आमंत्रण सूचना एक राष्ट्रीय तथा दो प्रादेशिक समाचार पत्रों में तथा निगम की वेबसाइट पर प्रकाशित की जायेगी।

3.2.5 निगम द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि किसी भी मार्ग सुविधा केन्द्र के लिये निविदा आमंत्रित किये जाने से पूर्व भूमि का विधिवत सीमांकन करवाया जाये एवं ब्राउंड्री का निर्धारण कर लिया जाये।

3.2.6 मार्ग सुविधा केन्द्र में कार/टूरिस्ट कोच/बस पार्किंग, फूड प्लाज़ा/रेस्टोरेंट, पुरुष एवं महिला टॉयलेट एवं वॉशरुम, चेंजिंग रुम, फर्स्ट–एड एवं 24X7 जल एवं विद्युत सुविधा निर्मित किया जाना अनिवार्य होगा तथा इस हेतु निर्माण योजना प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम से पूर्वानुमोदित करानी होगी।

3.2.7 उपरोक्त के अलावा अन्य सुविधाओं का निर्माण नीति की कण्डिका 3.1.9 से 3.1.13 के अनुसार किया जा सकेगा।

3.2.8 सफल निविदाकार को भूमि के आधिपत्य दिनांक से एक वर्ष की अवधि में मार्ग सुविधा केन्द्र निर्मित कर संचालन प्रारंभ करना होगा तथापि उठाये गये प्रभावी क़दमों एवं किये गये निर्माण कार्य के दृष्टिगत परिस्थितिजन्य कारणों से अधिकतम दो बार छः–छः माह की अवधि बढ़ायी जा सकेगी।

3.2.9 मार्ग सुविधा केन्द्र की स्थापना के लिये भूमि ''जहाँ है जैसी है'' की स्थिति में उपलब्ध करायी जायेगी तथा निर्माण एवं संचालन के लिये आवश्यक अनुमतियां/पंजीयन/लाइसेंस आदि प्राप्त करना एवं प्रचलित अधिनियमों/नियमों/शासन के मार्गदर्शी निर्देशों का पालन करना चयनित निविदाकार का दायित्व होगा।

## 3.3 फ्रैंचाइजी मॉडल

3.3.1 मार्ग सुविधा केन्द्रों के मास्टर प्लान अनुसार चिन्हित स्थलों के 10 किलोमीटर के दायरे में निजी निवेशकों द्वारा निजी भूमि पर अपने व्यय से पूर्व निर्मित/निर्माणाधीन/प्रस्तावित यात्री सुविधाओं को मार्ग सुविधा केन्द्र के रुप में चिन्हित कर मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम के फ्रैंचाइजी आधार पर संचालन की अनुमति दी जा सकेगी।

3.3.2 यह आवश्यक होगा कि ऐसी सुविधाएं नगर पालिका/नगर निगम की सीमा से बाहर संचालित/प्रस्तावित हों।

3.3.3 फ्रैंचाइजी प्राप्त करने हेतु यह आवश्यक होगा कि मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम द्वारा निर्धारित मापदंड अनुसार यात्री सुविधा अधोसंरचना का निर्माण एवं संचालन किया जाये। मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम द्वारा फ्रैंचाइजी हेतु ''लोगो '', ब्रांडिंग एवं अन्य गुणवत्ता के मापदण्ड उपलब्ध कराये जाऐंगे।

3.3.4 फ्रैंचाइजी प्राप्ति हेतु मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम द्वारा समय–समय पर विज्ञापन देकर आवेदन पत्र आमंत्रित किये जायेंगे।

3.3.5 निर्धारित मापदंडों पर उपयुक्त पाई जाने वाली इकाई को रुपये एक लाख, फ्रैंचाइजी पंजीयन शुल्क देय होगा जो वापसी योग्य नहीं होगा। इसके अतिरिक्त प्रतिवर्ष ₹**25000**/– फ्रैंचाइजी नवीनीकरण शुल्क देय होगा, जिसमें प्रतिवर्ष दस प्रतिशत की वृद्धि की जाएगी।

3.3.6 सामान्यत: फ्रैंचाइजी, निर्धारित मापदंडों पर चयनित इकाई को ''प्रथम आओ प्रथम पाओ'' आधार पर दिया जायेगा। किन्तु एक से अधिक इकाई द्वारा आवेदन करने की दशा में फ्रैंचाइजी नवीनीकरण शुल्क की निर्धारित राशि से अधिक राशि के सीमित ऑफ़र सीलबंद लिफाफे में संबंधित आवेदकों से प्राप्त किये जायेंगे एवं अधिकतम राशि ऑफरकर्ता को फ्रैंचाइजी दी जायेगी।

3.3.7 ब्रॉउन फील्ड एवं ग्रीन फील्ड मॉडल हेतु नीति में वर्णित प्रतिबंधित गतिविधियां फ्रैंचाइजी इकाई के लिये भी प्रतिबंधित होंगी।

3.3.8 फ्रैंचाइजी इकाईयों के संचालन का निरीक्षण मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम अथवा मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम द्वारा नियत एजेंसी द्वारा समय–समय पर (6 माह में कम से कम एक बार आवश्यक रुप से) किया जायेगा एवं प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम को प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जायेगा।

3.3.9 मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम द्वारा निर्धारित मापदंडों अनुसार संचालन करना न पाया जाने पर फ्रैंचाइजी को त्रुटि सुधार हेतु एक माह का अवसर प्रदान किया जायेगा। तीन से अधिक बार मापदंडों का उल्लंघन पाये जाने पर फ्रैंचाइजी का पंजीयन रद्द किया जा सकेगा।

## 4. मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम के दायित्व एवं अधिकार

4.1 निगम द्वारा ब्रांडिंग हेतु लोगो, विज्ञापन सामग्री एवं डिज़ाइन निर्धारित कर मार्ग सुविधा केन्द्र संचालक को उपलब्ध करायी जायेगी।

4.2 निगम द्वारा प्रचार–प्रसार हेतु निर्मित की जाने वाली सामग्री एवं सड़क पर लगाये जाने वाले बोर्ड/डिस्प्ले/होर्डिंग आदि पर ऐसी इकाई को विज्ञापित किया जायेगा तथा मार्केटिंग हेतु होने वाले आयोजनों में आमंत्रित किया जायेगा।

4.3 निगम द्वारा इकाई के दोनों ओर के पहुँच मार्ग पर 1000/500/100 मीटर पर इकाई के बारे में जानकारी हेतु प्रथम बार सूचना फलक (साइनेजेस) निर्धारित ब्राण्डिंग कर लगाये जायेंगे। इन सूचना फलकों के संधारण का दायित्व इकाई का होगा।

4.4 निगम द्वारा इकाईयों के निर्धारित मापदंडों के अनुसार अधोसंरचना निर्माण एवं संचालन को सुनिश्चित किया जायेगा एवं लगातार अवहेलना पर फ्रैंचाइची अनुबंध के अनुसार आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

4.5 निगम द्वारा इकाईयों को सूचारु संचालन हेतु आवश्यक सहयोग एवं मार्गदर्शन प्रदान किया जायेगा तथा यथा आवश्यकता कौशल विकास प्रशिक्षण भी दिया जायेगा।

4.6 निगम को मार्ग सुविधा केन्द्रों के निर्माण, संचालन एवं फ्रैंचाइजी देने हेतु आवश्यक आवेदन पत्र, चैक लिस्ट, निरीक्षण प्रतिवेदन, पालन प्रतिवेदन व अन्य आवश्यक प्रारुपों को निर्धारित करने एवं लागू करने हेतु अधिकार होंगे।

4.7 निगम को इस नीति के प्रावधानों के अनुरुप लीज, लाइसेंस, निविदा प्रपत्र, आरएफपी व अन्य आवश्यक दस्तावेज निर्धारित करने, शुल्क निर्धारित करने/योग्यता निर्धारित करने एवं लागू करने के अधिकार होगे।

4.8 निगम को नीति के प्रावधानों के अनुसार प्राप्त होने वाले प्रीमियम, लीज रेंट, लाइसेंस फीस, फ्रैंचाइजी फीस, पंजीयन शुल्क व अन्य राशियों को प्राप्त करने, निगम खाते में जमा करने एवं मार्ग सुविधा केन्द्र तथा अन्य स्थानीय पर्यटन सुविधाओं के विकास एवं संचालन हेतु व्यय करने के अधिकार होंगे।

4.9 अन्य प्रशासकीय अधिकार जो कि मार्ग सुविधा केन्द्रों के इस नीति के प्रावधानों के अनुसार विकास, संचालन, संधारण, प्रबंधन एवं नियमन हेतु प्रबंध संचालक द्वारा आवश्यक समझ जायें।

## 5. मार्ग सुविधा केन्द्र संचालक/फ्रैंचाइजी के दायित्व एवं अधिकार

5.1 पर्यटन विकास निगम द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुसार अधोसंरचना निर्माण एवं संचालन सुनिश्चित किया जायेगा तथा निगम द्वारा दिये गये सुझावों/ मार्गदर्शन पर अमल किया जायेगा।

5.2 निगम को देय राशियों का समय पर नियमित भुगतान सुनिश्चित किया जायेगा।

5.3 अधोसंरचना निर्माण एवं गतिविधि संचालन हेतु आवश्यक अनुमति/पंजीयन/लाइसेंस प्राप्त किये जायेंगे।

5.4 यात्रियों एवं पर्यटकों से मित्रवत व्यवहार किया जायेगा तथा उनकी सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जायेगी।

5.5 यात्री/पर्यटक शिकायत को सुनने एवं उसके तत्काल निकारण की व्यवस्था स्थापित की जायेगी तथा इसे स्थल पर विज्ञापित किया जायेगा।

5.6 मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम के साथ निष्पादित लीज अनुबंध, फ्रैंचाइजी अनुबंध आदि की शर्तों का पालन सुनिश्चित किया जायेगा।

5.7 इकाई को निगम द्वारा नियत लोगो, डिजाइन एवं प्रचार विषय वस्तु के अपनी मार्केटिंग हेतु उपयोग की अनुमति होगी तथा इसके अलावा अन्य लोगो, डिज़ाइन आदि उपयोग में नहीं लिया जायेगा।

5.8 इकाई द्वारा मार्ग सुविधा केन्द्र के निर्माण, संधारण एवं संचालन हेतु निगम की विशेषज्ञता का लाभ प्राप्त किया जा सकेगा एवं इस संबंध में समस्या निराकरण/समाधान प्राप्त किया जा सकेगा।

**6. विविध**

6.1 नीति के क्रियान्वयन हेतु प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम अधिकृत होंगे।

6.2 इस नीति के अंतर्गत लीज पर उपलब्ध करायी गई भूमि एवं भवन से प्राप्त प्रीमियम एवं लीज रेंट की राशि फ्रैंचाइजी पंजीयन एवं नवीनीकरण शुल्क की राशि, मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम में ही जमा करते हुए, उक्त राशि का उपयोग मार्ग सुविधा केन्द्र तथा अन्य स्थानीय पर्यटन सुविधाओं के अधोसंरचना विकास एवं संचालन में व्यय करने की अनुमति होगी।

6.3 मार्ग सुविधा केन्द्रों के संचालन, संधारण, प्रबंधन एवं नियमन के संबंध में निगम एवं इकाई/संचालक/फ्रैंचाइजी के मध्य किसी विवाद की स्थिति में निराकरण हेतु प्रमुख सचिव पर्यटन, मध्यप्रदेश शासन अधिकृत होंगे तथा उनका निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

6.4 नीति के अंतर्गत जारी किए जाने वाले निविदा दस्तावेज, लीज अनुबंध, फ्रैंचाइजी अनुबंध दस्तावेज़ों के प्रारुप अनुमोदन हेतु पर्यटन विभाग, मध्यप्रदेश शासन अधिकृत होगा।

6.5 इस नीति के प्रावधानों की व्याख्या, मार्गदर्शन, स्पष्टीकरण एवं आवश्यक संशोधन के लिए पर्यटन नीति के अंतर्गत मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित समिति अधिकृत होगी।



मध्यप्रदेश पर्यटन
हाईवे ट्रीट

MADHYA PRADESH
The heart of Incredible !ndia

# The Policy For Establishment & Management of Way Side Amenities-2016

## *The Policy For Establishment & Management of Way Side Amenities-2016*

The Madhya Pradesh Tourism Policy aims to promote balanced and sustainable tourism which enables socio-economic development and to establish Madhya Pradesh as a destination which provides a complete tourist experience destination. Promoting private sector investment is one of the main strategies adopted in Tourism policy to achieve this aim.

### 1. NEED FOR WAY SIDE AMENITIES:

Madhya Pradesh is a land locked state with it's boundaries touching those of Mahrashtra, Gujarat, Rajasthan, Uttar Pradesh and Chhattisgarh. The main highways of the country running from east to west and from north to south run across the state due to its geographical position. Therefore, inter-state and inland traffic relying mainly on roads passes through here. Within Madhya Pradesh too, due to the large area of land one has to travel long distances by roads. There is a large network of highways and rural roads in state whereby large number of tourists, businessmen and other travellers commute.

Countries with developed tourism sector have networks of wayside amenities where availability of clean toilets, food & beverage, essential personal commodities and provision for refuelling is ensured. In state of Madhya Pradesh there is no standard and efficiently managed infrastructure available presently for the travellers. Considering this fact, it is essential to establish standard Wayside Amenities in a planned way by making a policy for it, so that the travellers may get essential facilities at every 40-50 kms distance. Ministry of Tourism, Government of India too have provided for establishing Wayside Amenities (hereinafter mentioned as "WSA") in many of their schemes and have also provided for financial assistance to states from time to time. Establishment of facilities for travellers such as food and beverage with clean toilets, resting place, telephone and internet, commodity-store, first aid, parking etc. on the routes connecting tourist centers will promote tourism and will provide employment to local people.

**2. STRATEGY:**

2.1 Madhya Pradesh State Tourism Development Corporation shall, considering the needs of facilities for travellers, identify spots for establishment of Way Side Amenities and shall prepare a master plan.

2.2 The master plan so prepared shall be marketed and circulated among the stake-holders to create conducive atmosphere for investment.

2.3 The branding of the Way Side Amenities shall be done by the corporation via approved design and logo. Way Side Amenities shall be developed through the following three models -

**(i)** **Brown Field Model-** Way Side Amenity will be built under budget received under different schemes of Government of India and State Government. These will be then leased out to private sector for operating them.

**(ii)** **Green Field Model-** Way Side Amenity on government land available with the tourism department shall be built and operated by private investors.

**(iii)** **Franchisee Model-** Way Side Amenity built and operated on private land within a perimeter of 10 kms from the spots identified in Master Plan can be recognised in this model.

**3. GUIDELINES FOR ESTABLISHING AND MANAGEMENT OF WAY SIDE AMENITIES UNDER DIFFERENT MODELS:-**

**3.1 Brown field Model-**

3.1.1 The Corporation shall, at the identified places, establish Way Side Amenities with facilities enumerated by Ministry of Tourism, Government of India according to guidelines issued by them.

3.1.2 The State Government shall allot the land to Tourism Department.

3.1.3 It will be an essential requirement to construct car/tourist coach/bus parking, food plaza/restaurant, gents and ladies toilets and wash room, changing room, and provide for 24 x 7- water and electricity services.

3.1.4. The WSA, so constructed shall be allotted to private sector by means of a transparent tender process.

3.1.5 The WSA with a maximum land area of two hectares (appurtenant) shall be leased out for 30 years period. After this period the decision regarding land and building shall be taken according to the rules /policy in force at the time.

3.1.6 The minimum upset price of the tender shall be ₹10.00 lakhs (rupees ten lakhs). The highest price received by tender shall be premium of land and 1% (one percent) of the premium amount shall be the annual lease rent payable every year.

3.1.7 The notice inviting tender shall be published in national and state news papers and shall also be uploaded on the website of Corporation.

3.1.8 The Corporation shall ensure that prior to issuing of notice inviting tenders, the unit and the appurtenant land is measured and ear marked properly, boundaries are ascertained, electricity & water supply, place for parking and approach road is made available.

3.1.9 If any extra land, excluding the area for parking and way for travellers, is available, the bidder shall be eligible to develop infrastructure for following activities:-

**A. INFRASTRUCTURES FOR WHICH ONLY INTIMATION SHALL BE SUFFICIENT:-**

(i) Children play area

(ii) Telephone/internet kiosk

(iii) Souvenir/handicraft shop

(iv) Baby/handicapped persons care room/facilities

(v) Fast food outlets/Ice-cream parlour

(vi) Mini provision(General) store

(vii) Vehicle repair centre/car washing facility

(viii) Travel Desk

(ix) Flower shop/Books-News paper outlet

(x) Live-Art/handicraft display

(xi) Other relevant activities as decided by Managing Director, Madhya Pradesh State Tourism Development Corporation.

**B. INFRASTRUCTURES FOR WHICH PRIOR PERMISSION SHALL BE ESSENTIAL BEFORE THE CONSTRUCTION:**

(i) Petrol Pump

(ii) Marriage Garden

(iii) Residential campus/rooms

(iv) Bank ATM

(V) Other relevant infrastructures as are decided by Managing Director, Madhya Pradesh Tourism Development Corporation.

3.1.10 Prior permission and approval of construction plan by Managing Director of the Corporation shall be mandatory for infrastructure to be constructed for activities mentioned in aforesaid clause 3.1.9(B).

3.1.11 The additional infrastructure so constructed, if handed-over to some other person /unit to run/manage, such handing-over shall stand terminated on expiry of lease period.

3.1.12 On the expiry date of lease all the infrastructures shall suo-moto come into control of Tourism Department, Government of Madhya Pradesh continuing its exclusive ownership. No compensation shall be payable for it.

3.1.13 Sale of all the material containing tobacco, such as all kinds of Pan-masala, Gutkha, Pan, Cigarettes & Bidi etc and all kinds of explosive and crackers etc shall be completely prohibited at WSA.

## 3.2. GREEN FIELD MODEL:

3.2.1 The land identified in master-plan (for WSA) shall be transferred to Department of Tourism by State Government and shall be leased out for a period of 30 years by means of transparent tender process to private sector investors.

3.2.2 A maximum of two hectares of land shall be fixed for WSA with minimum upset price of Rs. 5.00 lakhs (rupees five lakhs).

3.2.3 The highest price received through tender above the upset price shall be the premium of land and 1% (one percent) of this premium amount shall be the annual lease rent payable.

3.2.4 The notice inviting tender shall be published in one national and two state news papers and will also be uploaded on Website of the Corporation.

3.2.5 The Corporation shall ensure that prior to inviting tender for WSAs, the land is properly measured, ear marked and boundaries are ascertained.

3.2.6 It shall be essential to provide for car/tourist coach/bus parking, food plaza/restaurant, ladies and gents toilets, wash-room, changing-room, first aid facility and 24 x 7 electricity and water services at WSA and construction plan for these will need to be approved prior to construction.

3.2.7 Other facilities at WSA may also be constructed, subject to the instructions mentioned in clauses 3.1.9 to 3.1.13.

3.2.8 The successful bidder shall build and operate WSA within one year from the date of possession of the land. If despite effective initiatives the type of construction requires an extension, it will be considered upto a period of maximum 6 months. Only two such extentions will be permissible.

3.2.9 The land for construction of WSA shall be made available on "AS IS, WHERE IS" basis and it will be the duty of successful bidder to obtain all the necessary permissions/registration /licenses etc. and to comply with and abide by all prevailing laws, rules, orders, instructions & guidelines of Government.

**3.3 THE FRANCHISEE MODEL:**

3.3.1 Private investors will be allowed to operate WSA recognised by the Corporation on private land be it built/under construction / proposed if such WSA falls within ten kilometer perimeter of spots identified in the master plan.

3.3.2 It is essential that such franchisee facilities are run/are proposed to be run out side Municipal boundaries of any town/city.

3.3.3 It shall be mandatory to get a franchisee license that construction and management of travellers facilities is carried out as per the standard norms fixed by M.P. Tourism Development Corporation. The Corporation shall make "LOGO", "BRANDING" and other quality standards conditions available to franchisee.

3.3.4 M.P. Tourism Development Corporation shall from time to time advertise for inviting franchisee applications.

3.3.5 The unit found eligible as per the criteria fixed, shall pay rupees one lakh (₹1,00,000/-only) non-refundable franchisee registration fee. In addition to it an annual franchisee renewal fee of rupees twenty five thousand ₹25,000/- shall be payable. Franchisee renewal fee shall be increased by ten percent (10%) every year.

3.3.6 Normally the franchisee shall be granted on "first come, first get" basis from among the units found eligible as per the criteria. However, where more than one unit will apply, offers exceeding the amount fixed as annually paid renewable franchisee fee shall be received from applicants in sealed covers and franchisee will be awarded to the applicant rendering the highest offer.

3.3.7 Activities prohibited for brown field and green field models shall be strictly prohibited for franchisee unit too.

3.3.8 Management/operation of franchisee units shall be inspected once in every six months period by the Corporation or by an agency appointed by them and the inspection report shall be submitted to the Managing Director of the Corporation.

3.3.9 If by such inspection, it is found that the franchisee unit is not being strictly run/managed according to the standard norms fixed for it a one month notice shall be served to rectify the short-comings. However, if fixed standard norms are breached for more than three times registration of franchisee shall be cancelled.

## 4. DUTIES AND POWERS OF MADHYA PRADESH STATE TOURISM DEVELOPMENT CORPORATION:

4.1 For the purpose of 'branding', the Corporation shall provide logo, advertisement material and design to the Franchisee holder.

4.2 Such franchisee units shall be given marketing support by putting up hoardings/display boards on roads and by giving them a presence on adverstisement material developed by the corporation. They shall also be invited to marketing events.

4.3 The Corporation shall display on approach road to the unit at 1000/500/100 meter distances the signage about the unit with the standard branding. The maintenance of these information displays shall be the duty of that particular unit.

4.4 The Corporation shall ensure that infrastructure is made and the unit is run as per the standards and norms fixed for it and the continuous breach shall call for an action according to lease agreement.

4.5 The Corporation shall provide necessary help and guidance for proper operation of unit and shall also provide skill development training, as and when required.

4.6 The Corporation shall have the right to draft and decide necessary proformas for application, check-list, inspection-report, compliance-report and other necessary proformas needed for construction, running, managing and granting franchisee for WSAs. Corporation shall also have the right to enforce these.

4.7 The Corporation shall have the right and execute, lease, licence, tender, format, RFP and other documents as per provisions of this policy.

4.8 The Corporation shall, as per provisions of policy, have the right to receive premium, lease rent, license fee, franchisee fee, registration fee and other amounts and deposit them in the account of the Corporation. The Corporation shall also have right to spend for development and management of WSAs and other local tourist facilities developed by the tourism department as per guidelines.

4.9 The Corporation shall have right to such administrative powers as are deemed to be necessary under the provisions of policy for development, running, managing, maintenance and regularization by Managing Director of the corporation.

## 5. DUTIES AND POWERS OF FRANCHISEE

5.1 The construction and running / managing of infrastructure shall be carried out as per standards and norms fixed by the Corporation and suggestions/guidance of the Corporation shall be followed.

5.2 All the amounts payble to Corporation shall be paid on time fixed for it.

5.3 All the permissions/registration/licenses shall be applied for & obtained for construction of infrastructure and carrying on the activities/business.

5.4 There shall always be friendly and cordial behaviour with tourists and travellers and top priority shall be given to their safety.

5.5 Arrangements for receiving complaints and immediately resolving them shall be made. Such arrangements shall be prominently displayed at the unit.

5.6 It shall be ensured that conditions laid down in the lease agreement, franchisee agreement etc executed with the corporation are strictly followed and carried out.

5.7 The unit shall have right to use logo, designs and other publicity material decided by Corporation for it's marketing and no other logo designs etc. shall be used by the unit.

5.8 The unit shall be able to use expertise of Corporation in construction, maintenance and opertion of the WSA in this connection.

## 6. MISCELLANEOUS

6.1 Managing Director of the Corporation shall be authorized for the implementation of the policy.

6.2 The amount of premium and lease rent received for the land leased out under the provisions of this policy shall be deposited with the Corporation and the Corporation shall have powers to spend it for the purpose of developing and maintaining WSAs and other local facilities for travellers as per guidelines issued by the Tourism Department.

6.3 Principal Secretary, Govt. of Madhya Pradesh, Department of Tourism shall be the authority to hear and decide any dispute arising between the Corporation, the unit/operation/franchisee or between any two of them regarding running, maintenance, management and regularization of WSAs. The decision of Principal Secretary shall be final and binding.

6.4 Department of Tourism, Government of Madhya Pradesh shall be authorized to approve the draft of the tender documents, lease agreements and franchisee agreements.

6.5 A committee constituted under the Chairmanship of the Chief Secretary shall be empowered for elaborating, giving guidance, clarifying and amending this policy.

Note: For any clarification notified hindi version of this policy shall be refered.


M.P.
TOURISM
Coca-Cola
M.P.
TOURISM
Coca-Cola

The heart of Incredible India

# Lease Agreement (Brown Field Model)

## Way Side Amenities Given for Operation on Lease to Private Investor

## *Lease Agreement (Brown Field Model) Way Side Amenities Given for Operation on Lease to Private Investor*

This agreement is made on ...............day of ...............year............ between the Governor of Madhya Pradesh, acting through.................., MP State Tourism Development Corporation (hereinafter called as the 'Lessor' which expression shall, where the context so permits, include its successor in office.) of the First Part

**AND**

